खबर संक्षेप

### झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिकों में मरीजों का आर्थिक व दैहिक शोषण



**मैहर।** जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में बिना डिग्री और पंजीयन के अवैध रूप से चल रहे झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क लगातार पैर पसार रहा है। कई फर्जी चिकित्सक अपने नाम के आगे एमबीबीएस और विशेषज्ञ लिखकर लोगों के स्वास्थ्य और विश्वास के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस निष्क्रियता को लेकर आम जनता में भारी आक्रोश है। सूत्रों के मुताबिक, इन क्लीनिकों में मानकों की अनदेखी कर गंभीर बीमारियों का इलाज, अवैध ऑपरेशन और गर्भपात तक किए जा रहे हैं। मरीजों से सस्ती और एक्सपायरी दावों की मनमानी कीमत वसूली जा रही है। स्थिति बिगड़ने पर ये डॉक्टर मरीजों को जबलपुर या नागपुर ले जाने की सलाह देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इन फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और विशेष जांच अभियान चलाने की मांग की है।

### जनसमस्याओं को लेकर 9 जून को नगर पालिका का घेराव करेगी कांग्रेस

**मैहर।** स्थानीय जनसमस्याओं और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के विरोध में मैहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आगामी 9 जून (मंगलवार) को सुबह 11:00 बजे नगर पालिका कार्यालय का घेराव करेगी। इस आंदोलन की तैयारियों को लेकर वार्ड क्रमांक 9 में एक विशेष बैठक और जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति ने नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में नगर की जनता को न तो पीने का साफ पानी मिल रहा है और न ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त है। नालियों की सफाई न होने से बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने की आशंका है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपनी आवाज बुलंद करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में इस घेराव प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### श्री संकट मोचन मंदिर में भव्य रामायण पाठ संपन्न



**मैहर।** नगर के प्राचीनतम श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में रामायण मंडली द्वारा शनिवार को एक भव्य रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र त्रिपाठी (पप्पू भैया) रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया। उपस्थित प्रमुख लोगों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई, जितेंद्र कुशवाहा एडवोकेट, सतीश पांडे बबलू, धीरज सोनकिया, राजू उरमालिया और रमेश प्रजापति सहित कई अन्य भक्त शामिल थे। रामायण पाठ के शांतिपूर्वक समापन के पश्चात संकट मोचन हनुमान मंदिर के पुजारी ओंकार प्रसाद शुक्ला द्वारा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भगवान का विशेष प्रसाद वितरित किया गया।

# वन रक्षक परीक्षा निरस्त होने से भड़के छात्र

## आदित्य कॉलेज में हंगामा, कलेक्ट्रेट का किया घेराव

*सतना। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित वन रक्षक भर्ती परीक्षा में रविवार को उस वक्त भारी अराजकता की स्थिति बन गई, जब तकनीकी गड़बड़ी के कारण परीक्षा को अचानक निरस्त करना पड़ा। इससे आक्रोशित होकर परीक्षा देने आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पहले आदित्य कॉलेज परीक्षा केंद्र का घेराव कर जमकर हंगामा किया और फिर पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गए। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच छात्रों ने कलेक्ट्रेट मुख्य गेट पर धरना देकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।*





### सर्वर डाउन होने से नहीं खुले कंप्यूटर, अब 20 जून को होगी परीक्षा

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को परीक्षा देने के लिए जबलपुर, डिंडोरी, कटनी और अनूपपुर जैसे दूर-दराज के जिलों से सैकड़ों परीक्षार्थी सतना के आदित्य कॉलेज सेंटर पहुंचे थे। सुबह से ही बच्चे कतारों में खड़े अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जैसे ही छात्र सिस्टम पर बैठे, सर्वर पूरी तरह डाउन हो गया और कंप्यूटर ओपन ही नहीं हुए। काफी देर तक इंतजार कराने के बाद प्रबंधन ने तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए परीक्षा निरस्त करने की घोषणा कर दी। प्रशासन द्वारा छात्रों को अगली परीक्षा की तिथि 20 जून दी गई है।

### भीषण गर्मी में फूटा छात्रों का दर्द, 'नीट' घोटाले को लेकर भी आक्रोश

इस अचानक हुए फैसले से दूर-दराज से आए परीक्षार्थियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। रविवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में अवकाश होने के बावजूद छात्र वहां धरने पर बैठ गए। रोते-बिलखते और नाराज छात्रों ने कहा, हम इतनी दूर से सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर भारी आर्थिक बोझ उठाकर परीक्षा देने आए थे। इस भीषण गर्मी में हमारी परेशानी समझने वाला कोई नहीं है। अब दोबारा आने-जाने का खर्च हम कहाँ से लाएंगे?



छात्रों ने हाल ही में देश में हुए 'नीट' पेपर लीक मामले का जिक्र करते हुए वर्तमान परीक्षा प्रणाली पर भी गहरे सवाल उठाए। छात्रों का कहना है कि बार-बार परीक्षाओं का निरस्त होना या लीक होना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। फिलहाल, मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा छात्रों को समझाइश देने और उनकी मांगों को वरिष्ठ स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया जा रहा है।

### तकनीकी खराबी के कारण स्थगित हुई भर्ती परीक्षा, अब 20 जून को होगी

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा 7 जून 2026 को द्वितीय पाली में आयोजित वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा तकनीकी समस्या के कारण स्थगित कर दी गई है। अब यह परीक्षा 20 जून 2026 को प्रथम पाली (सुबह 10 से 12 बजे) में दोबारा होगी। अभ्यर्थी नए प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे।

## प्रशासन का बड़ा एक्शनः बालकिशन वाटिका की करोड़ों की शासकीय भूमि पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त

अल्टीमेटम के बाद भी नहीं हटाया था कब्जा; एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस और नगर निगम के संयुक्त अमले ने ढहाए अवैध निर्माण

**सतना।** शहर के सार्वजनिक स्थलों और शासकीय जमीनों को भू-माफियाओं व अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के अभियान के तहत प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर पालिक निगम आयुक्त के संयुक्त मार्गदर्शन में बालकिशन दास वाटिका की संपूर्ण शासकीय भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। एसडीएम राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में पहुंचे नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते और भारी पुलिस बल ने मौके से सभी अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया।

### समय मांगने के बाद भी नहीं खाली की थी जमीन

उल्लेखनीय है कि इस बेशकीमती शासकीय भूमि पर काबिज अतिक्रमणकारियों को प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी किया था। इसके बाद आगामी 9 मई को संबंधित अतिक्रमणकारियों ने स्वयं कब्जा हटाने के लिए प्रशासन से कुछ समय की मोहलत मांगी थी। प्रशासन द्वारा पर्याप्त समय और अवसर दिए जाने के बावजूद तय समय-



सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नियमानुसार कार्रवाई का खाका तैयार किया और संयुक्त टीम गठित कर सीधे मैदान में उतर गई।

### भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से ढहाए गए अवैध ढांचे

कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। अतिक्रमण अधिकारी दीपक बागरी, टीआई राघवेंद्र द्विवेदी सहित नगर निगम और पुलिस विभाग के आला अधिकारी व कर्मचारी दल-बल के



साथ मौजूद रहे। संयुक्त अमले ने बिना किसी विरोध के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सभी अवैध ढांचों को हटाकर भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल कर दिया। कार्रवाई के बाद पूरी जमीन को वापस शासकीय नियंत्रण में ले लिया गया है।

सार्वजनिक उपयोग और शासकीय प्रयोजनों के लिए आरक्षित भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में भविष्य में भी इसी तरह की सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिक सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में सहयोग करें और शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे से दूर रहें।

— **आयुक्त, नगर पालिक निगम, सतना**

सिद्धेश्वर धाम सगमा में पांच दिवसीय हनुमत कथा

## हनुमान जी की कथा जीवन की सारी व्यथा मिटा देती हैः आदर्श

*श्रद्धालुओं से खचाखच भरा पंडाल, 'सीताराम' के जयकारों से गुंजायमान हुआ सगमा का सिद्धेश्वर धाम*



**सतना।** सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्धेश्वर धाम सगमा में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा के द्वितीय सोपान पर व्यासपीठ से मर्मस्पर्शी प्रवचन करते हुए कथाव्यास सिद्धेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आदर्श कृष्ण शास्त्री ने हनुमान जी की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की कथा साक्षात संजीवनी बूटी की तरह है, जो मनुष्य के जीवन की सारी व्यथा, कष्ट और संताप को पल भर में मिटा देती है। संकटमोचन का नाम लेने मात्र से ही जीवन के सारे संकट दूर हो जाते हैं।

कथाव्यास ने प्रभु श्री राम और उनके परम भक्त हनुमान जी के अनन्य संबंध को रेखांकित करते हुए एक बेहद सुंदर बात कही। उन्होंने कहा, *₹राम जी की कथा हनुमान जी सुनते हैं और हनुमान जी की कथा स्वयं प्रभु राम सुनते हैं। आज इस पंडाल में बैठे हमारे सभी श्रोता हमारे लिए साक्षात राम स्वरूप हैं।₹उन्होंने तुलसीदास जी की चौपाई जा पर कृपा राम की होई, ता पर कृपा करें सब कोई' का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस पर प्रभु श्री राम की कृपा हो जाती है, उस पर चराचर जगत की कृपा स्वतः होने लगती है।

व्यासपीठ ने अपनी सहजता और सरलता से पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। उन्होंने अत्यंत विनम्र भाव से कहा, ₹मैं कोई विद्वान नहीं, बल्कि एक सामान्य बालक हूँ। मैं अपनी तोतली भाषा में प्रभु राम की कथा आप सबको सुना रहा हूँ। आप सभी प्रबुद्ध श्रोता इसे सहर्ष स्वीकार करें। कथाव्यास की इस सरलता को देख पूरा पंडाल 'जय श्री राम' और 'वीर हनुमान' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।

कथा के दौरान जब व्यासपीठ से सिया राम मय सब जग जानी, करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी का सस्वर पाठ किया गया, तो वहां मौजूद हर आंख सजल हो उठी और भक्तों ने दोनों हाथ जोड़कर जगत को नमन किया। इसके बाद सीता राम सीता राम सीता राम कहिये, जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये भजन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने और थिरकने लगे।

## सतना को मिली खेल सौगातः 113.86 लाख की खेल सुविधाओं का लोकार्पण



**सतना।** शहर की खेल अधोसंरचना को मजबूत करते हुए दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में 113.86 लाख की लागत से नवनिर्मित आधुनिक स्विमिंग पूल और बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण 6 जून 2026 को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह थे, जबकि अध्यक्षता महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन आधुनिक सुविधाओं से स्थानीय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और अभ्यास का अवसर मिलेगा। यह विकास कार्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी 'पालन' सहित कई गणमान्य नागरिक व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत धनवाही कला में विकास कार्यों का लोकार्पण



**मैहर।** जिले की ग्राम पंचायत धनवाही कला में मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह की उपस्थिति में विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 10 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन और 5.33 लाख की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए सांसद और प्रशासन का आभार जताया तथा अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया।



### पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी का दावाः जैसे जिला बना है, वैसे ही विंध्य प्रदेश बनेगा

**मैहर।** पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी लगभग ढाई वर्ष के लंबे अंतराल के बाद अपने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अब सलाह नहीं, बल्कि सिर्फ साथ की जरूरत है, क्योंकि इस बार इतिहास बदलने का काम किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को किसी से भी न डरने की सलाह दी और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उनके निदान के लिए अंतिम छोर तक लड़ाई लड़ने का भरोसा दिलाया।

त्रिपाठी ने कहा कि आगामी 18 तारीख को अपनी पुरानी विरासत को वापस लाने और विंध्य को पुनः 'विंध्य प्रदेश' बनाने के लिए एक बड़े आंदोलन का आगाज किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जैसे मैहर जिला बना है, वैसे ही विंध्य प्रदेश भी बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान जिला प्रशासन पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए।

### महंगाई की मारः घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 29 की बढ़ोतरी



**मैहर।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच आम जनता को महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। रविवार से घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमतों में 29 की बढ़ोतरी लागू कर दी गई है। इस संशोधन के बाद सिलेंडर की कीमत 913 से बढ़कर 942 हो गई है। पिछले तीन महीनों के भीतर रसोई गैस के दामों में यह दूसरी वृद्धि है।

विशेषज्ञों के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा उत्पादों की बढ़ती कीमतों और तेल विपणन कंपनियों पर वित्तीय दबाव के कारण यह फैसला लिया गया है। इससे पहले कमर्शियल सिलेंडर के दाम भी बढ़ाए जा चुके हैं। इस बढ़ोतरी से मध्यम और सीमित आय वाले परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह प्रभावित होगा और रसोई का खर्च बढ़ जाएगा।

### मां शारदा के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**मैहर।** रविवार की सुबह जैसे ही प्रसिद्ध मां शारदा धाम के कपाट खुले, श्रद्धालुओं का भारी सैलाब त्रिकूट पर्वत की ओर उमड़ पड़ा। देखते ही देखते पूरा मंदिर परिसर, रोपवे स्टेशन और सीढ़ी मार्ग भक्तों की भीड़ से खचाखच भर गया। देश के दूर-दराज के राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भीड़ के अत्यधिक दबाव के बावजूद स्थानीय प्रशासन, पुलिस और मंदिर प्रबंधन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता और यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को बिना किसी अव्यवस्था के सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए। मां शारदा के जयकारों से पूरा त्रिकूट पर्वत गूंज उठा और मैहर नगरी पूरी तरह भक्तिमय माहौल में सराबोर दिखी।

### अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने तैयारी बैठक आज

**सतना।** जिले में आगामी वर्षा ऋतु में अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी के लिये बैठक कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 8 जून को प्रातः 10.30 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में जानकारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## धवारी स्टेडियम खोलने की मांग को लेकर खिलाड़ियों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



**सतना।** धवारी स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए पुनः खोलने की मांग को लेकर रविवार को धवारी स्टेडियम के मुख्य द्वार पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों द्वारा सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी आंखों पर काली पट्टी बांधकर प्रशासन का ध्यान खिलाड़ियों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि धवारी स्टेडियम लंबे समय से खिलाड़ियों के लिए बंद होने के कारण उन्हें नियमित अभ्यास और खेल गतिविधियों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने के लिए बाध्य होना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान खिलाड़ियों ने मांग की कि धवारी स्टेडियम को शीघ्र खिलाड़ियों के लिए खोला जाए तथा खेल गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाए।

# ब्रिजपुर रोड पर फिर हुई भीषण सड़क दुर्घटना दो की मौत कई घायल, ट्रैक्टर बोलोरो टैक्सी बाइक आपस में भिड़े

पन्ना।

पन्ना बृजपुर रोड पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे आए दिन लोगों की मौत हो रही है जानकारी के अनुसार पन्ना ब्रिज पुर रोड उडकी ग्राम के पास ट्रैक्टर बोलेरो तथा टैक्सी आपस में भिड़ गए इसी दौरान एक मोटरसाइकिल चालक भी उसकी चपेट में आ गया जिससे दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मोटर साइकिल मैं सवार राकेश पटेल पिता रामकृपाल उम्र 35 वर्ष तथा तथा अमरनाथ पटेल पिता दयाराम उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम किटहा। मोटरसाइकिल से पन्ना आए हुए थे तथा वापस अपने घर जा रहे थे वह दोनों इसकी चपेट में आ गए तथा दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उड़की मोड़ के पास नहर की मिट्टी




भरकर आ रहा एक ट्रैक्टर अचानक मुख्य सड़क पर आ गया। ट्रैक्टर को अचानक सामने देख वहां से गुजर रहे वाहनों का संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो कार, लोहे के सरियों से लदे ऑटो और एक मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ा दिया तथा टैक्सी चालक साहब खान उर्फ सोनू भी बुरी तरह घायल है। हादसे की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहनों से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल को चालकों द्वारा तुरंत एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार कर इलाज शुरू कर दिया गया है। मृतकों के शवों को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बृजपुर थाना पुलिस ने इस दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के मुख्य कारणों (ट्रैक्टर चालक की लापरवाही व अन्य पहलुओं) की विस्तृत जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद से किटहा गांव और आस-पास के क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।



## सड़क पर बछड़े को वाहन ने कुचला, मां गाय घंटों बिलखती-रंभाती रही’

**पन्ना।** कस्बे की मुख्य सड़क पर आवारा मवेशियों की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शुक्रवार की दरमियानी रात ष्सतगुरू कलेक्शन सेंटरष के सामने मुख्य मार्ग पर सड़क पर विचरण कर रहे एक बछड़े को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद का मंजर देखकर राहगीरों की आंखें नम हो गईं। मृत बछड़े की मां गाय काफी देर तक शव के पास खड़ी होकर बिलखती और रंभाती रही। वह बार-बार अपने बच्चे को सूंघती-चाटती रही, मानो उसे जिंदा करने की कोशिश कर रही हो। करीब 2 घंटे तक गाय वहां से नहीं हटी। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण शहर की सड़कों पर दिन-रात मवेशियों का जमावड़ा रहता है। शाम के समय ये मवेशी कचरा खाने सड़क पर आ जाते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते हैं। कई बार शिकायत कर चुके हैं, पर कोई सुनवाई नहीं। आज एक बेजुबान की जान चली गई, कल कोई इंसान भी हादसे का शिकार हो सकता है स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कस्बे में आवारा मवेशियों को गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए और सड़क सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। जनपद पंचायत शाहनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम वर्मा ने कहा, मैं मामले को दिखवाता हूं। रास्ते पर अब गौवंश नहीं दिखेगा।



## समाजवादी पार्टी की बैठक संपन्न- मजदूरों को दी श्रद्धांजलि, संगठन विस्तार का संकल्प

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत वीहरपुरवा में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले पांच मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाजवादी पार्टी की बैठक संपन्न हुई। बैठक विधानसभा क्षेत्र पवई के खुर्द झिरिया में आयोजित की गई।बैठक की शुरुआत में सभी समाजवादी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक मिनट का मौन धारण कर दिवंगत मजदूरों को श्रद्धांजलि दी।जिला अध्यक्ष जयराम यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, “सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ संगठन के विस्तार में लग जाएं। हमें हर बूथ पर पांच मजबूत अखिलेश के सिपाही खड़े करने हैं। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को घर-घर तक पहुंचना होगा और जनता की समस्याओं को हल करने का संकल्प लेना होगा। संगठन की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, इसी के बल पर हम आने वाले समय में बड़े लक्ष्यों को हासिल करेंगे।”जिला प्रमुख महासचिव महिपाल सिंह मरावी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवजन सभा अधिवक्ता सोनेलाल प्रजापति ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा समाजवादी पार्टी को पसंद कर रहे हैं। युवाओं में पार्टी के प्रति अभूतपूर्व आकर्षण बढ़ रहा है। उन्होंने अपील की कि जहां भी युवाओं की जरूरत पड़ेगी, हम सभी लोग एकजुट होकर काम करेंगे।बैठक में शिव सिंह यादव, महामंत्री देवेंद्र सिंह लोधी, गजराज सिंह, जगदीश सिंह, बबलू वंशकार, वेद नारायण सिंह यादव, रामनारायण सिंह, पहलवान सिंह, कमलेश सिंह यादव, सुशील कुमार कोल, कधी यादव, दाऊ यादव, नरेश गोंड, तखत सिंह उर्फ हल्के बेटा, अशोक यादव, दुर्जन सिंह यादव, भोला यादव, अनुज कुमार वंशकार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

## नाबालिग किशोरी पर जानलेवा हमला करने वाला विधि-विरुद्ध बालक गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त अवैध कट्टा एवं कारतूस बरामद

### प्रेम प्रसंग में नाबालिग किशोरी को गोली मारने वाला विधि-विरुद्ध बालक 08 घंटे के भीतर अभिरक्षा में

**पन्ना।** दिनांक 06.06.2026 की शाम थाना सिमरिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक नाबालिग किशोरी, जिसके सिर में गोली लगी है, उपचार हेतु जिला अस्पताल दमोह में भर्ती है। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि घायल किशोरी एवं आरोपी के बीच पूर्व से प्रेम प्रसंग था। किशोरी द्वारा आरोपी से बातचीत बंद कर देने के कारण आरोपी उससे नाराज था। इसी रंजिश के चलते दिनांक 06.06.2026 को प्रातः लगभग 04:00 बजे आरोपी किशोरी के घर की छत पर पहुंचा। उस समय किशोरी सो रही थी। आरोपी ने अपने पास रखे अवैध देशी कट्टे से किशोरी के सिर के पीछे गोली मार दी तथा घटना कारित कर मौके से फरार हो



गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. महोदया श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में तत्काल दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। एक टीम को घायल किशोरी के उपचार, कथन एवं आवश्यक जानकारी संकलित करने हेतु जिला अस्पताल दमोह रवाना किया गया, जबकि दूसरी टीम को आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु विभिन्न संभावित स्थानों पर भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा घायल किशोरी एवं उसके परिजनों से पूछताछ कर महत्वपूर्ण तथ्य एवं साक्ष्य संकलित किए गए। प्राप्त साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश कर उसे थाना गेसाबाद क्षेत्र के ग्राम उदयपुर, जिला दमोह से अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसकी निशानदेही से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी कट्टा एवं एक कारतूस जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभिरक्षा में लिया गया आरोपी एक विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) है।

**जप्त मशरूका-** ः घटना में प्रयुक्त एक अवैध देशी कट्टा एक कारतूस

**सराहनीय भूमिका-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, चौकी प्रभारी मुड़रिया उप निरीक्षक दीपक सिंह भदौरिया, चौकी प्रभारी हरदुआ उप निरीक्षक जे.पी. अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक हरिश्चंद्र राठौर, प्रधान आरक्षक ब्रजेश आर सुशील मिश्रा, आरक्षक श्याम सिंह, आरक्षक राहुल पटेल, आरक्षक जीवन स्वरूप पाठक, नीरज बागरी , मुन्ना सिंह, सुशील पटेल तथा सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## संगठन के अंतिम व्यक्ति की चिंता करके ही संगठन को मजबूत कर सकते हैं गौरव रन दिवे

# भारतीय जनता पार्टी पन्ना की कामकाजी बैठक हुई संपन्न






### भाजपा की जिला कामकाजी बैठक में संगठन विस्तार, पर्यावरण संरक्षण और कार्यकर्ता निर्माण पर हुआ चिंतन

पन्ना।

भारतीय जनता पार्टी की जिला कामकाजी बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा नए कार्यकर्ताओं के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सागर संभाग के प्रभारी गौरव रणदीवे ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यक्रम केवल राजनीतिक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज निर्माण और राष्ट्र विकास का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने 5 जून 21 जून तक चलने वाले नियमित पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा रखी तथा सभी कार्यकर्ताओं से यह अपेक्षा की कि वह सभी कार्यक्रमों को एक जन आंदोलन की तरह लेकर सफल बनाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी जाहर सिंह ने मंडल एवं जिलों में होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा समस्त जिला पदाधिकारी और मंडल प्रभारों की कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपना-अपने दायित्व का बोध होना चाहिए दायित्व धोने की दिशा होने के बावजूद हमें कम से कम 10 दिन का समय भारतीय जनता पार्टी के लिए देने के लिए तैयार होना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने कहा कि जितना अधिक प्रेम और समर्पण हम प्रकृति के प्रति दिखाएंगे, उतना ही सकारात्मक प्रतिफल समाज और पर्यावरण को मिलेगा। उन्होंने जिला मुख्यालय से लेकर मंडल स्तर तक “नमो वन” और “नमो उपवन” विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इसे जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का आह्वान किया। श्री रंधावा ने कहा कि प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को कम से कम एक माह में एक बार अपने भूत अध्यक्ष के घर जाकर उनका हाल-चाल जाना जरूरी है क्योंकि हमारा चुनाव का मूल मंत्र ही है भूत जीता चुनाव कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जालंधर सागर ग्रामीण के प्रभारी श्री सतानंद गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश चतुर्वेदी ,श्री राम बिहारी चौरसिया जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संतोष यादव श्रीमती आशा गुप्ता एवं बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ता प्रशिक्षण को गति देने तथा सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। बैठक का संचालन राजेंद्र कुशवाहा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शद सुशील त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक का समापन संगठन की मजबूती, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।



## खेतों में मंडरा रहा मौत का साया! झूलते बिजली तारों से किसानों की जान जोखिम में, विभाग बेखबर

पन्ना।

जिले की रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम चंदना में किसानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। मनकी फीडर क्षेत्र में खेतों तक पहुंची विद्युत लाइन के तार इतने नीचे झूल रहे हैं कि खेती-किसानी का कार्य करना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बारी हार स्थित कीरत यादव के खेत में बिजली के तार ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों के संपर्क में आ रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन शुरू होने वाला है और खेतों में गहाई-डुबाई सहित अन्य कृषि कार्य तेज होने वाले हैं। ऐसे में झूलते तार किसानों, मजदूरों और मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीण कई बार समस्या से अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन आज तक न तो निरीक्षण किया गया और न ही तारों को ऊंचा करने की कोई कार्रवाई हुई। ग्रामीणों में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि विभाग केवल बिल वसूली तक सीमित है, जबकि जमीनी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा



रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते झूलते तारों को व्यवस्थित नहीं किया गया और कोई जनहानि हुई, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करें और खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को सुरक्षित ऊंचाई पर स्थापित कर किसानों को राहत प्रदान करें।

## विश्व साइकिल दिवस पर शाहनगर में निकली सन्डेज ऑन साइकिल रैली, फिटनेस का दिया संदेश’

पन्ना।

नगर में रविवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत ष्सन्डेज ऑन साइकिलष अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली ग्राम पंचायत शाहनगर कार्यालय से आमा-देवरी रोड होते हुए कृषि उपज मंडी शाहनगर तक निकाली गई। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही साइकिल के उपयोग से फिट रहने का संदेश दिया गया। उक्त रैली का आयोजन ग्राम पंचायत शाहनगर एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया गया। इसमें मुख्य रूप से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम वर्मा, सरपंच शाहनगर मनोज जैन, बीपीओ कमल प्रताप सिंह, बीसी एसबीएम रवींद्र विश्वकर्मा, सचिव कुलभूषण चतुर्वेदी, जीआरएस राघवेंद्र सिंह, गणमान्य नागरिक एवं ग्राम पंचायत शाहनगर के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### मजदूर आदमी कोई पूछ नहीं रहा घर बखरी सब चले गये बांध बंध रहे



**पन्ना।** यह कहानी ढ़ोढ़न डेम जो केन नदी में बनाया जा रहा है। जहां कई गांवों के लोगों को विस्थापित किया गया। यहां लम्बे अर्से से योजना के माध्यम से जो डेम बनाया जा रहा था उसमें विस्थापितों के द्वारा विरोध जताया गया। आंदोलन भी चला लेकिन किसी तरीके से सरकार सफल हुए। पर आज भी गरीब मजदूर महिला का दर्द सोशल मीडिया में जो वायरल हो रहा वह कहीं न कहीं स्वयं बयां कर रही है। हमारी घर बखरी चली गई सरकार डेम बना रही है। हम कहां जाये डोक्कर घर को पांच लाख दिये गये मुआवजा की राशि वहीं घर में पांच सदस्य जिन्हें कुछ नहीं मिला। आखिर गरीबों को लेकर आज भी कई सवाल स्वयं ही सुर्खियां बनी है। मजदूर आदमी कोई सुन नहीं रहा। इस तरह से कई बार सुर्खियां बनती है दास्ता। सरकार ऐसी है कि गरीब आदमी को कुर्सी में बैठकर मार रही है। कोई शासन सुन नहीं रहा। इस तरह से केन बेतवां लिंक परियोजना में जिस तरह से गरीबों का दर्द सोशल मीडिया में आज भी सुर्खियां बन रहा है। भले ही सरकार डेम बनाकर विकास के दावे कर रही है पर यहां तो गरीबों की दास्ता अलग ही बयां हो रही है।

### बेटे के मौत के मामले को लेकर मां ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम पुरेना निवासी गुलाब बाई पति राम कृपाल सेन ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में बताया कि मेरा पुत्र महेश सेन गांव में अतुल तिवारी के टेंट पर काम करता था ।विगत 22 अप्रैल को उसकी तबीयत खराब थी जिसके कारण वह घर पर था। अतुल तिवारी जबरदस्ती टेंट के काम के लिए ग्राम कामताना ले गए रास्ते में मृत्यु हो गई उसे स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले गए तथा हम लोगों को सूचना दी गई हम लोग पहुंचे तो अतुल तिवारी ने बताया कि उसकी मृत्यु हो गई है उसके बाद उसका पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया तथा प्रयागराज इलाहाबाद भेजकर अंतिम संस्कार कर दिया गया मृतक की माँ ने आरोप लगाया कि उसकी मृत्यु दुर्घटना में नहीं साजिश के तहत की गई है इसलिए संपूर्ण मामले की जांच की जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### नगर पालिका पन्ना के वार्ड नंबर 12 में गंदगी का आलम



**पन्ना।** नगर पालिका पन्ना के बेनी सागर मोहल्ला वार्ड नंबर 12 में होटल माया डीलक्स के पीछे भारी गंदगी का आलम है नालिया चौक हैं चारों तरफ कचरा फैला हुआ है जिससे बदबू से मोहल्ला के लोग भारी परेशान हैं जिसके चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी फैल रही है नगर पालिका इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं अध्यक्ष सीएमओ आम लोगों के फोन भी नहीं उठाते हैं स्थानीय लोगों ने साफ सफाई कराए जाने की मांग की है जबकि बरसात का मौसम आने वाला है जबकि बरसात के पूर्व संपूर्ण नगर में विधिवत साफ सफाई होना चाहिए तथा नाला एवं नालियों की सफाई हो जिससे कहीं पर भी पानी अवरोध ना हो।

### स्कूटी चलाते समय मोबाइल में लगी आग बाल बाल बचा युवक



**पन्ना।** जिला अस्पताल के सामने एक युवक पेंट की जेब में मोबाइल डालकर स्कूटी चला रहा था अचानक मोबाइल की बैटरी में आग लग गई जिससे युवक के कपड़े जलने लगे तत्काल उसने स्कूटी छोड़कर मोबाइल सड़क पर फेंक दिया उपस्थित लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मोबाइल पर पानी डाल दिया जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई रानी बाग निवासी मुकेश पिता पंचम वर्मा स्कूटी से बाजार गया था वापस घर लौट रहा था इस दौरान जिला अस्पताल के सामने मोबाइल में आग लग गई और यह दुर्घटना घटित हुई युवक का पांव भी बुरी तरह से जल गया तथा कपड़े भी जल गए लेकिन वह सुरक्षित बच गया।

**खबर संक्षेप**

## घायल युवक ने थाने में दी जान से मारने की धमकी

**छतरपुर।** शहर की कोतवाली थाना परिसर में उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई, जब एक घायल युवक शिकायत लेकर थाने पहुंचा और कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल करने लगा। युवक ने पुलिस अधिकारियों के सामने ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने व गोली मारने जैसी धमकियां देने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचा था और अपनी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहा था। युवक का आरोप था कि उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है, जिससे नाराज होकर उसने थाना परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान पुलिसकर्मी उसे समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह लगातार आक्रोशित बना रहा। हंगामे के दौरान युवक ने खुलेआम धमकीभरे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे थाना परिसर में मौजूद लोगों में भी असहजता का माहौल बन गया। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। थाने के अंदर हुई इस धमकीबाजी और हंगामे ने कानून व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और युवक के व्यवहार एवं पूरे घटनाक्रम के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वायरल वीडियो और युवक की शिकायत दोनों की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सात गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न, कन्यादान में दिए गए 60 प्रकार के उपहार



**महाराजपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित कारस देव स्थल पर रविवार को सर्व समाज की सात गरीब एवं जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कारस देव बब्बा के भक्त हरिश्चंद्र यादव एवं शिष्य मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया। आयोजकों ने बताया कि विवाह के लिए चयनित बेटियों के परिवारों का पूर्व में सामाजिक एवं आर्थिक सत्यापन किया गया था। कई परिवार ऐसे थे जिनमें बेटियों के पालन-पोषण और विवाह की जिम्मेदारी निभाने वाला कोई स्थायी कमाने वाला सदस्य नहीं था। सत्यापन के बाद पात्र परिवारों की बेटियों को सामूहिक विवाह योजना में शामिल किया गया। समारोह में प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई। कन्यादान के रूप में सोने की नाक की कील, कान के टॉप्स, गले का लॉकेट तथा चांदी की पायल सहित विभिन्न आभूषण प्रदान किए गए। इसके अलावा पलंग, सोफा सेट, ड्रेसिंग टेबल, कूलर, गोदरेज अलमारी, पानी का कैंपर, थाली सेट, घड़ी, चांदी का नारियल, कुकर, प्रेस, पानी की टंकी, टिफिन, कलश, पंखा, साड़ियां सहित लगभग 60 प्रकार की उपयोगी गृहस्थी सामग्री भेंट की गई। सामूहिक विवाह में आकांक्षा कुशवाहा एवं दिनेश कुशवाहा, रोहिणी तिवारी एवं विनोद दीक्षित, रोहिणी पाल एवं हिर्देश पाल, जागृति कुशवाहा एवं राहुल कुशवाहा, रानी कुशवाहा एवं सतीश कुशवाहा, बबीता श्रीवास एवं पप्पू श्रीवास तथा आरती रैकवार एवं करण सिंह वैवाहिक बंधन में बंधे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं शिष्य मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। सभी नवदंपत्तियों को सुखद, सफल एवं समृद्ध दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया। कारस देव स्थल पर आयोजित इस सामाजिक पहल की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

# आमखेरा धाम में गूंजी ब्राह्मण एकता की हुंकार, महापंचायत में कमेटी का पुनर्गठन



**चंदला।** चंदला-अजयगढ़ मार्ग स्थित प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल आमखेरा धाम में रविवार को सर्व ब्राह्मण समाज की भव्य महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में चंदला विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों से सैकड़ों की संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज की एकता, संगठन और सामाजिक उत्थान पर विशेष बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

महापंचायत का मुख्य उद्देश्य आमखेरा धाम में ब्राह्मण कमेटी का पुनर्गठन करना था। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाजहित में कार्य करने और सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

बैठक में समाज की भावी योजनाओं, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा आमखेरा धाम के विकास संबंधी विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प दोहराया।

# पायल दिखाने के बहाने सराफा दुकान में चोरी, 26 हजार की चांदी लेकर फरार



**सटई।** नगर के भारत माता चौक स्थित एक सराफा दुकान में पायल खरीदने के बहाने पहुंचीं दो महिलाओं और एक लड़की ने चांदी की दो जोड़ी पायल चोरी कर लीं। घटना 5 जून 2026 की शाम करीब 5:40 बजे की है। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 निवासी गौरव सोनी की सोने-चांदी की दुकान पर दो महिलाएं और एक लड़की पहुंचीं। तीनों ने चांदी की पायल खरीदने की बात कहकर दुकानदार से विभिन्न डिजाइनों की कई जोड़ी पायल दिखाने को कहा। इस दौरान वे लगातार बातचीत कर दुकानदार का ध्यान भटकाती रहीं।दुकानदार का आरोप है कि मौका पाकर एक महिला ने एक जोड़ी पायल अपने कपड़ों में छिपा ली, जबकि दूसरी महिला ने दूसरी जोड़ी पायल अपने पर्स में रख ली। कुछ देर तक दुकान में रुकने के बाद तीनों बिना कोई सामान खरीदे वहां से चली गईं।

महिलाओं के जाने के बाद जब दुकानदार ने पायल का मिलान किया तो दो जोड़ी पायल गायब मिलीं। संदेह होने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें महिलाएं कथित रूप से पायल छिपाती हुई नजर आईं। दुकानदार के मुताबिक चोरी हुई दोनों जोड़ी चांदी की पायल की कीमत लगभग 26 हजार रुपये है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा, जिला अस्पताल में उपचार जारी

**महाराजपुर।** थाना क्षेत्र के टटम गांव निवासी दिनेश कुशवाहा (25) पिता राजाराम कुशवाहा करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी के अनुसार दिनेश गांव स्थित पावर हाउस में थ्रेसिंग मशीन चला रहे थे, तभी अचानक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए गांव में ही दिखाया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। चिकित्सकों द्वारा घायल युवक की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# जमीनी विवाद में महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर। जिले के बड़ामलहरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगवा में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला पर कुल्हाड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



जानकारी के अनुसार ग्राम भगवा निवासी 65 वर्षीय बब्बू बाई विश्वकर्मा पति नाथूराम विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि उनके तीन भतीजे गोपाल, हरिकिशन और प्रिंस तथा देवर गोरेलाल जमीनी विवाद के चलते घर गिराने के उद्देश्य से उनके घर पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया।

आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे बब्बू बाई के हाथ में गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए बड़ामलहरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

# घर में जहर खाने से महिला की मौत, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम



**लवकुशनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसनिया निवासी 33 वर्षीय महिला सीता कुशवाहा पत्नी पप्पू कुशवाहा की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने गंभीर हालत में महिला को तत्काल लवकुशनगर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# स्टेडियम से चोरी हुई बाइक 48 घंटे में बरामद, दो दोस्त गिरफ्तार



**छतरपुर।** शहर के स्टेडियम परिसर से चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार फरियादी पवन सिंह चौहान (52) पिता अवनिन्द्र सिंह चौहान, निवासी विश्वनाथ कॉलोनी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 3 तारीख को स्टेडियम घूमने आए थे। इसी दौरान रात में उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक रुद्राक्ष होटल के पास चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में गोविन्द सैनी (22) पिता रमेश सैनी, निवासी गणेश कॉलोनी, सागर रोड तथा उसका साथी विवेक नामदेव (19) पिता हरिराम नामदेव, निवासी शिवनगर कॉलोनी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं या नहीं।

# भूमि विवाद में आत्महत्या की चेतावनी, जमीन हड़पने और धमकी देने का आरोप; पुलिस जांच में जुटी



**छतरपुर।** थाना ईशानगर क्षेत्र के ग्राम आमखेरा में भूमि विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी मातादीन अहिरवार ने पुलिस को शिकायती आवेदन देकर प्रमोद यादव एवं विनोद यादव पर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। फरियादी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

मातादीन अहिरवार के अनुसार उन्होंने अपनी पुत्री अनीता अहिरवार के विवाह के लिए गांव के ही प्रमोद यादव एवं विनोद यादव से करीब एक लाख रुपये उधार लिए थे। उनका आरोप है कि लिखापढ़ी के नाम पर उनसे और उनके पिता लबरा अहिरवार से अंगूठा एवं हस्ताक्षर करवा लिए गए। इसके बाद पूरा परिवार मजदूरी करने के लिए बाहर चला गया।

फरियादी का कहना है कि लगभग पांच वर्ष बाद गांव लौटकर जब वह उधार की राशि चुकाने पहुंचे तो उनसे ब्याज सहित 18 लाख 56 हजार रुपये की मांग की गई। विरोध करने पर उन्हें बताया गया कि उनकी जमीन की रजिस्ट्री पहले ही प्रमोद यादव के नाम हो चुकी है और पूरी रकम लौटाने के बाद ही जमीन वापस की जाएगी।

मातादीन ने आवेदन में बताया कि वह और उनके पिता अनपढ़ हैं तथा दस्तावेजों की जानकारी नहीं होने के कारण उन्होंने अंगूठा लगा दिया था। उनका कहना है कि विवादित भूमि ही परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन है। यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो परिवार सहित आत्महत्या जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

इधर पुलिस का कहना है कि मामला जांच के अधीन है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में मातादीन अहिरवार एवं उनके पिता लबरा अहिरवार द्वारा संबंधित भूमि का विक्रय प्रमोद यादव के नाम किया गया था। पुलिस सभी दस्तावेजों एवं तथ्यों की जांच कर रही है। वहीं प्रमोद यादव ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि भूमि का विधिवत विक्रय हुआ था और उसके बदले पूरी राशि का भुगतान किया गया था।

**खिचड़ी के साथ इडली, हलुआ और लड्डू भी बांटे**

# जन सहयोग रसोई ने मनाई पांचवीं वर्षगांठ



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय छतरपुर के बस स्टैंड क्रमांक 2 में कोरोना काल से संचालित जन सहयोग रसोई की पांचवीं वर्षगांठ पर रविवार को डीआईजी विजय कुमार खत्री, अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया, छतरपुर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, राजनगर एसडीएम श्रीमती विशा माधवानी, नपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया की विशेष उपस्थिति में समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर जन सहयोग रसोई समिति के अध्यक्ष केशव अग्रवाल, राधे असाटी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल तथा राजनगर एसडीएम श्रीमती विशा माधवानी के माता-पिता भी मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर छतरपुर रेंज के डीआईजी विजय कुमार खत्री ने 5 वर्ष से किए जा रहे इस सेवा कार्य के लिए समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से पांच वर्ष से यह कार्य अनवरत किया जाना अनुकरणीय है। राजनगर एसडीएम श्रीमती विशा माधवानी ने कहा कि वास्तव में यहां आकर एक अलग तरह का सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के सामाजिक कार्य करते रहें। नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि 2021 में कोरोना के समय शुरू यह जनसेवा पुण्य का काम है। इसी तरह यह कार्य चलता रहे। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से गुटका, नशा का सेवन न करने, स्वच्छता बनाए रखने और पानी बचाने के साथ हरियाली के लिए पेड़ लगाने की अपील की।

समिति के सचिव संजय नामदेव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं संचालन करते हुए महेंद्र सर्राफ ने बताया कि 40 लोगों के सहयोग से शुरू हुआ यह सफर आज 130 लोगों का कारवां हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8 से 9 बजे तक बस स्टैंड और मिशन अस्पताल में करीब 700 लोगों को खिचड़ी वितरण के सेवा कार्य के साथ समिति दो बार 11-11 कन्याओं का विवाह करवा चुकी है। आगे भी विवाह समारोह आयोजित करने का विचार है। इसके साथ ही साधनहीन लोगों को अंत्येष्टि सामग्री भी समिति की ओर से निःशुल्क दी जा रही है।

सभी अतिथियों ने लोगों को प्रतिदिन वितरित हो रही खिचड़ी के साथ आज वर्षगांठ के अवसर पर इडली तथा राजनगर एसडीएम विशा माधवानी ने अपनी मां श्रीमती धारा माधवानी के जन्मदिवस पर प्रसाद के रूप में हलुआ और लड्डू का वितरण किया। मां अन्नपूर्णा के पूजन अर्चन तथा दीप प्रज्वलन से शुरू कार्यक्रम में अतिथियों का जहां माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया वहीं उन्हें इस खास यादगार पल पर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

समारोह में समिति के सदस्य हरि प्रकाश अग्रवाल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, कुंज बिहारी सोनी, विजय असाटी रिंकू, अक्षांश ईशू सक्सेना, राजू पटवा, रमेश मिश्रा, संतोष गुप्ता जिला पंचायत संजय अग्रवाल नीरज कठेल नीलू पिपरसानिया नीटू चान्ना ऊदल ताम्रकार रामसेवक असाटी रामकुमार मातेले अरुण राय रमेश खरे, राजेंद्र गुप्ता पप्पू दिवाकर पहाडिय़ा, दिनेश दुबे, दिनेश रिछारिया, रिंकू राजीव रूसिया, जगदीश अग्रवाल आर आई, कमल अग्रवाल, उमेश रूसिया नंद किशोर बर सैया, राजाराम नामदेव, राजेंद्र गुप्ता पप्पू सहित रसोई के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा भाव से प्रसाद वितरण में भागीदारी निभाई।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत, जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**बमीठा। थाना बमीठा क्षेत्र के ग्राम सीलोन निवासी 60 वर्षीय नन्नू कुशवाहा पिता बंदर उर्फ बंदी कुशवाहा की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नन्नू कुशवाहा पैदल जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।**

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है।

# जेम-2026 बालिकाओं को एनटीपीसी विंध्याचल का सशक्तिकरण उपहार : 150 साइकिलों का वितरण

**सिंगरौली।** बालिका सशक्तिकरण की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने जेम-2026 की प्रतिभागी बालिकाओं के लिए विशेष साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर 150 बालिकाओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें सुरक्षित, सुविधाजनक एवं स्वतंत्र आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह पहल बालिकाओं की निरंतर शिक्षा, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) एवं श्रीमती चित्रलेखा साहा, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय असाती, परियोजना प्रमुख (रिहंद) तथा श्रीमती नीलू असाती, अध्यक्षा (वीएमएमएस) उपस्थित रहीं। इस अवसर पर श्री प्रणय कुमार नायक, महाप्रबंधक ( प्रचालन एवं अनुरक्षण), रिहंद; श्रीमती रश्मि मोहंती, उपाध्यक्षा (वीएमएमएस); एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ भी मौजूद रहीं।समारोह के दौरान 150 साइकिलों का वितरण केवल एक भौतिक सहायता नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, अवसर और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक बना। बालिकाओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इस पहल के माध्यम से उन्हें शिक्षा प्राप्त करने, अपने लक्ष्यों को हासिल करने तथा जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए नई प्रेरणा मिली। एनटीपीसी विंध्याचल अपनी विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्व (**CSR**) पहलों के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त, आत्मविश्वासी एवं स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। जेम-2026 के अंतर्गत साइकिल वितरण जैसी सार्थक पहलें न केवल बालिकाओं के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं, बल्कि समावेशी विकास, सामुदायिक उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करती हैं। भारत के अग्रणी विद्युत उत्पादक के रूप में एनटीपीसी विंध्याचल ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन का भी एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।

# विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सिंगरौली में पत्रकारों का सम्मान, मीडिया की भूमिका और चुनौतियों पर हुआ मंथन

**स्वदेश के राज्य संपादक अनुराग उपाध्याय को मिला "महान कलमवीर सम्मान"**

**सिंगरौली।** विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की महान एल्युमीनियम इकाई, बरगवां द्वारा भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। समारोह के दौरान पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका, आधुनिक सूचना तंत्र की चुनौतियों तथा उद्योग जगत की सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना व जुगल किशोर शुक्ल को पुष्प अर्पित कर पत्रकारिता को समर्पित गीत "मैं पत्रकार हूँ" से हुआ। गीत के माध्यम से पत्रकारों के संघर्ष, समर्पण और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों को भावुक कर दिया।

**लोकतंत्र की आत्मा है पत्रकारिता** : अनुराग उपाध्याय

मुख्य अतिथि एवं स्वदेश के राज्य संपादक अनुराग उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों के प्रसारण का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि आज सूचना क्रांति के दौर में इलेक्ट्रॉनिक, वेब और सोशल मीडिया ने समाचारों के प्रसार को नई गति दी है, लेकिन इसके साथ निष्पक्षता, विश्वसनीयता और तथ्यपरकता बनाए रखना भी बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय और जिम्मेदार पत्रकारिता ही समाज की सच्ची सेवा है। मीडिया की जिम्मेदारी केवल खबरें देना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना भी है।

अनुराग उपाध्याय ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 30 मई 1826 को आचार्य जुगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता से प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन प्रारंभ किया था। तभी से हिंदी पत्रकारिता सामाजिक चेतना, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र निर्माण की सशक्त वाहक बनी हुई है।



**वैश्विक स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा रहा है हिंडालको** : लिनू पंचमन

महान एल्युमीनियम बरगवां के इकाई प्रमुख लीनू पंचमन ने कहा कि हिंडालको आज दुनिया के 100 से अधिक देशों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है और भारतीय उद्योग जगत का गौरव बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा निर्मित एल्युमीनियम का उपयोग भारत के ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन सहित कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजनाओं में किया गया है।उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल, मोबाइल निर्माण, घरेलू उपकरणों, ऊर्जा एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में हिंडालको के उत्पादों का व्यापक उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज, उद्योग और प्रशासन के बीच संवाद और विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा सकारात्मक पत्रकारिता विकास को नई दिशा देती है।

**सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है कंपनी** : डॉ. विवेकानंद मिश्रा

मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि महान एल्युमीनियम बरगवां केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और ग्रामीण उत्थान के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि कंपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहयोग, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास की इस यात्रा में मीडिया एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

**पारदर्शिता और जवाबदेही से मजबूत होता है विश्वास** : रोहित मतेती

वित्त प्रमुख रोहित मतेती ने कहा कि किसी भी उद्योग की सफलता केवल आर्थिक उपलब्धियों से नहीं मापी जाती, बल्कि समाज के प्रति उसकी जवाबदेही और पारदर्शिता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया और उद्योग के बीच सकारात्मक संवाद से जनविश्वास मजबूत होता है तथा विकास की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनती है।

**देवर्षि नारद की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं पत्रकार** : संजय सिंह

जनसंपर्क प्रबंधक संजय सिंह ने कहा कि भारतीय परंपरा में देवर्षि नारद को प्रथम पत्रकार माना जाता है, जिन्होंने संवाद और सूचना के आदान-प्रदान की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज के पत्रकार भी सत्य, निष्पक्षता और जनहित की उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। लोकतंत्र को मजबूत बनाने और समाज व उद्योग के बीच संवाद स्थापित करने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# 976 से अधिक निजी स्कूलों ने फीस की जानकारी पोर्टल पर नहीं हुई अपलोड, संकुल प्राचायों को जारी किया गया था सर्कुलर

## अर्थ दंड की चेतावनी का भी नहीं हो रहा असर, अब पांच गुना देगा जुर्माना

**रीवा।** पांच गुना जुर्माने की चेतावनी और समय-सीमा बढ़ाने के बावजूद जिले के 976 से अधिक निजी स्कूलों ने फीस की जानकारी अब तक फीस पोर्टल पर अपलोड नहीं की है। जिले में करीब 1540 निजी स्कूल संचालित हैं अब तक 976 स्कूलों ने जानकारी नहीं दी थी। यानी 63 प्रतिशत से अधिक स्कूल अब भी नियमों का पालन नहीं कर सके हैं। जानकारी नहीं देने वाले स्कूलों में सबसे ज्यादा प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल हैं। इसके अलावा कई हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल ने भी फीस से संबंधित जानकारी नहीं दी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस संबंधी जानकारी 30 अप्रैल 2026 तक पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया था। इसके लिए 2 अप्रैल को सभी निजी स्कूलों को निर्देश जारी किए गए थे। हालांकि निर्धारित समय-सीमा तक बड़ी संख्या में स्कूलों ने जानकारी जमा नहीं की। इसके बाद विभाग ने अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 मई कर दी लेकिन इसके बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार यदि कोई निजी स्कूल निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तावित फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड नहीं करता है तो उससे प्रक्रिया शुल्क की पांच गुना राशि विलंब शुल्क के रूप में वसूली जाएगी।पोर्टल नहीं चलने




की शिकायतेंस्थिति को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से सभी संकुल प्राचार्यों को सर्कुलर जारी कर निजी स्कूलों से फीस संबंधी जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद कई स्कूल लापरवाही बरत रहे हैं। हालांकि कुछ निजी स्कूल संचालकों और प्रतिनिधियों ने हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर पोर्टल के तकनीकी रूप से सही तरीके से काम नहीं करने की शिकायत भी दर्ज कराई। स्कूल प्रतिनिधियों का कहना था कि पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों के कारण जानकारी अपलोड नहीं हो पा रही है। इस पर विभागीय कर्मचारियों ने समस्या के समाधान में असमर्थता जाहिर की।नामांकन के हिसाब से लगता है शुल्कशिक्षण संचालनालय की ओर से स्कूलों से पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी जमा करने के लिए प्रक्रिया शुल्क निर्धारित किया गया है। जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन 2000 से अधिक है, उनसे पांच हजार रुपए शुल्क लिया जा रहा है। वहीं, 1001 से 2000 विद्यार्थियों वाले स्कूलों के लिए तीन हजार, 501 से 1000 विद्यार्थियों वाले स्कूलों के लिए दो हजार और 500 तक नामांकन वाले स्कूलों के लिए एक हजार रुपए शुल्क तय किया गया है। 20 मई के बाद जानकारी जमा करने वाले स्कूलों को यही शुल्क पांच गुना राशि के साथ जमा करना होगा। उदाहरण के तौर पर जिन स्कूलों का प्रक्रिया शुल्क पांच हजार रुपए हैं, उन्हें 25 हजार रुपए का भुगतान करना पड़ेगा।मॉनिटरिंग व्यवस्था पर सवालप्रक्रिट च गुना शिक्षा विभाग के अनुसार जिन निजी स्कूलों की वार्षिक फीस 25 हजार रुपए से कम है उन्हें शपथ पत्र पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। ऐसे स्कूलों को फिलहाल कुछ राहत दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया जिन स्कूलों ने फीस पोर्टल पर जानकारी जमा नहीं की। ऐसे स्कूलों को अब पांच गुना प्रक्रिया शुल्क के साथ जानकारी अपलोड करनी होगी। विभाग के पास स्कूलों की अधूरी जानकारी खास बात यह है कि स्थानीय शिक्षा विभाग के पास यह स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है कि जिले के किस ब्लॉक में कितने स्कूलों ने फीस संबंधी जानकारी अपलोड की है। कितने स्कूलों की फीस 25 हजार रुपए से अधिक है, इससे विभागीय मॉनिटरिंग व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# बीहर पुल खुलते ही केसीसी कंपनी के लापरवाही से बेकाबू हुई स्थिति, इटौरा बायपास में लग रहा जाम

रीवा।

बीहर नदी पुल पर शुक्रवार सुबह से वाहनों की आवाजाही शुरू होते ही लोगों को उम्मीद थी कि करीब दो महीने से चली आ रही यातायात की परेशानी खत्म हो जाएगी। लेकिन राहत की यह उम्मीद जल्द ही निराशा में बदल गई। पुल खुलने के चंद घंटों बाद ही इटौरा बाईपास में ऐसा जाम लगा कि पूरा इलाका वाहनों के समुद्र में तब्दील हो गया। सड़क पर फंसे लोगों के बीच एक ही सवाल उठता रहा क्या फोरलेन निर्माण में लगी केसीसी कंपनी को जनता की परेशानी दिखाई नहीं दे रही या फिर डायवर्जन और यातायात व्यवस्था पर खर्च होने वाले पैसे बचाने के लिए लोगों को जाम में झोंका जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रतहरा से चोरहटा तक लगभग 19 किलोमीटर लंबे निर्माण क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। कहीं अधूरी सड़क, कहीं उखड़ी हुई सतह, कहीं निर्माण सामग्री का अंबार और कहीं संकरे रास्ते। नतीजा यह कि सुबह से लेकर देर शाम तक वाहन रेंगते रहे और हजारों लोग सड़क पर फंसकर रह गए। वही सबसे चिंताजनक तस्वीर तब सामने आई जब जाम में एम्बुलेंस वाहन और अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन भी घंटों फंसे रहे। मरीजों को लेकर निकल रही एम्बुलेंसें सायरन बजाती रहीं लेकिन वाहनों की लंबी कतारों के बीच रास्ता नहीं मिल सका। लोगों का





कहना है कि यदि किसी मरीज की जान चली जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? प्रशासन, निर्माण एजेंसी या फिर वह व्यवस्था जिसने समय रहते ट्रैफिक प्लान ही तैयार नहीं किया।डायवर्जन मार्ग तैयार करने में लापरवाहीबता दे करोड़ों रुपये की परियोजना पर काम कर रही कंपनी निर्माण की गुणवत्ता और यातायात व्यवस्था दोनों को लेकर सवालों के घेरे में है। जहां एक ओर सड़क निर्माण की रफ्तार अपेक्षित स्तर पर नहीं दिखाई दे रही वहीं दूसरी ओर सुरक्षित और सुगम डायवर्जन मार्ग तैयार करने में भी गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि वैकल्पिक मार्गों को व्यवस्थित किया जाता और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पर्याप्त संसाधन लगाए जाते तो इटौरा को इस तरह जाम की गिरफ्त में नहीं आना पड़ता।कंपनी की लारवाही से लोग हो रहे परेशानबता दे कि जिस फोरलेन परियोजना को लोगों की सुविधा और तेज आवागमन के लिए बनाया जा रहा है वही परियोजना आज लोगों की परेशानी का कारण बनती दिखाई दे रही है। व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है लोग समय पर नहीं पहुंच पा रहे घंटों सड़क पर समय गंवाना पड़ रहा है। अब सवाल केवल जाम का नहीं बल्कि जवाबदेही का है। क्या निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने कभी स्वयं इस मार्ग से गुजरकर लोगों की परेशानी देखी है। क्या करोड़ों रुपये की परियोजना में ट्रैफिक प्रबंधन जैसी मूलभूत व्यवस्था की कोई कीमत नहीं है? और आखिर कब तक जनता धूल, जाम और अव्यवस्था का दंश झेलती रहेगी। बीहर पुल खुलने के बाद शहर को राहत मिलने की उम्मीद थी लेकिन इटौरा का जाम यह बता रहा है कि समस्या पुल नहीं, बल्कि निर्माण कार्यों के दौरान अपनाई जा रही कार्यशैली है। यदि समय रहते हालात नहीं सुधरे तो यह जाम केवल असुविधा नहीं बल्कि किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है।

# बीच बाजार में सड़क पर गुंडागर्दी, हैरियर सवारों ने अधिवक्ता के परिजनों से की मारपीट, मृगनयनी चौराहे पर वाहनों की मामूली टक्कर के बाद भड़का विवाद, बेल्ट और लात-घूंसों से हमला; घटना सीसीटीवी में कैद

रीवा।

शहर के सबसे व्यस्त बाजार क्षेत्र में रविवार दोपहर बीच सड़क हुई गुंडागर्दी की घटना से हड़कंप मच गया। मृगनयनी चौराहे पर वाहनों की मामूली टक्कर के बाद एक काले रंग की हैरियर कार में सवार युवकों ने स्कॉर्पियो वाहन में बैठे लोगों के साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने लात-घूंसों और बेल्ट से हमला करने के साथ ही स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ भी की और बाद में मौके से फरार हो गए। घटना शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में होने के कारण कुछ ही मिनटों में बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सड़क पर काफी देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही और यातायात भी प्रभावित हुआ। दोनों वाहनों के बीच टक्कर होने के बाद विवाद बढ़ा और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया। बताया जा रहा है कि



स्कॉर्पियो में सवार लोग शहर के एक वरिष्ठ अधिवक्ता के परिजन थे, जो उनसे मिलने रीवा आए हुए थे। इसी दौरान मृगनयनी चौराहे के पास यह घटना घटित हो गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक हमलावर वाहन में तोड़फोड़ कर चुके थे। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। सामने आए फुटेज में कुछ युवक सड़क के बीच वाहन रोककर मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में विवाद के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी और लोगों की भीड़ भी नजर आ रही है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। मारपीट के शिकार हुए सुधांशु सिंह उर्फ गुड्डू ने बताया कि वह अपने भाई, भतीजे और चाचा के साथ मनकिसर गांव से ताला हाउस क्षेत्र स्थित अपने अधिवक्ता चाचा के घर जा रहे थे। उनके अनुसार, जब वे मृगनयनी चौराहे पर वाहन मोड़ रहे थे, तभी तेज रफ्तार हैरियर कार ने उनकी स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। पीड़ित का आरोप है कि दुर्घटना के बाद गलती स्वीकार करने के बजाय हैरियर में सवार लगभग आधा दर्जन युवकों ने वाहन से उतरकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने बेल्ट और मुक्कों से हमला किया तथा स्कॉर्पियो के शीशे और अन्य हिस्सों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वही घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन काफी देर तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस पहुंच जाती तो स्थिति को जल्द नियंत्रित किया जा सकता था। मारपीट और तोड़फोड़ की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और पीड़ित पक्ष के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में निःशुल्क शव वाहन सेवा का प्रभावी संचालन, जरूरतमंदों को मिल रही सहायता शव वाहन के लिए टोल फ्री नंबर 155334 पर करें संपर्क

रीवा । जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क शव वाहन सेवा निरंतर बेहतर ढंग से संचालित की जा रही है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता प्रदान की जा रही है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह सेवा अस्पताल से मृतक के गृह ग्राम तक सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक परिवहन सुनिश्चित कर रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। शव वाहन सेवा स्वास्थ्य विभाग की एक संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी पहल है। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद परिवार को समय पर वाहन उपलब्ध हो और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सेवा की गुणवत्ता एवं त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी 108 और शव वाहन सेवा ऋषिराज गौतम ने बताया कि जिले में शव वाहन की मॉनिटरिंग सतत रूप से की जा रही है। कॉल प्राप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर वाहन उपलब्ध कराया जाता है। आमजन से अपील है कि निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों निःशुल्क कॉल सेन्टर नंबर 155334 तथा 9644453956, 7880094831 पर ही संपर्क करें, ताकि सेवा का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। शव वाहन सेवा का उपयोग केवल जिले के अंदर स्वास्थ्य संस्था से मृतक के गृह ग्राम तक परिवहन के लिए किया जाएगा। जिले के बाहर शव परिवहन के लिए एंबुलेंस/वाहन की अनुमति नहीं है। आमजन से अपील की गई है कि सेवा का उपयोग केवल वास्तविक आवश्यकता होने पर ही करें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या दुरुपयोग से बचें और निर्धारित संपर्क नंबरों पर ही कॉल करें।

# संभागीय आईटीआई में चयन मेला आज

**रीवा ।** संभागीय शासकीय आईटीआई रीवा में ट्रेनी पद के लिए चयन मेला 8 जून को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इसमें निजी संस्था हीरो मोटोक्रॉप लिमिटेड निमराना राजस्थान द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया कि चयन मेले में प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रशिक्षणार्थी महिला एवं पुरुष शामिल हो सकते हैं। उम्मीदवार की आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। वर्ष 2026 की फाइनल परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी भी चयन मेले में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार को अपने शैक्षणिक दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ चयन मेले में शामिल होना होगा। चुने गए उम्मीदवारों को मानदेय के रूप में 18258 रुपए दिए जाएंगे, जिसमें भविष्य निधि की राशि भी शामिल है। संभागीय आईटीआई में दो जून को आयोजित चयन मेले में 134 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। इनकी चयन सूची शीघ्र ही जारी की जाएगी।

# नेहरू नगर में 12 वें दिन भी नल जल आपूर्ति नहीं होने पर सामाजिक कार्यकर्ता गफूर खान ने नाराजगी व्यक्त की, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी जाएगी

**रीवा ।** नेहरू नगर रीवा मध्यप्रदेश वार्ड नंबर 13 में नगर पालिक निगम के ठेकेदार की लापरवाही के चलते 27 मई को नाली निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से मुख्य पाइप लाइन से जुड़े तीन नल कनेक्शनों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद अभी तक संबंधित घरों में जल आपूर्ति नहीं करा पाना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल बन गया है। इस सवाल को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गफूर खान ने तीव्र प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान प्रभावित घरों में गत 12 दिनों से जल आपूर्ति का नहीं हो पाना प्रशासनिक नकारापन है। वैध नल कनेक्शनों को मनमाने तरीके से तोड़ा जाना और फिर अभी तक नल जल आपूर्ति का नहीं हो पाना अत्यंत गैर ज़िम्मेदाराना आपराधिक कृत्य है। सामाजिक कार्यकर्ता श्री ख़ान ने कहा कि निर्माण कार्य में इस कदर भ्रष्टाचार हो गया कि इसके खिलाफ राज्यपाल और मुख्यमंत्री से शिकायत करनी होगी। उन्होंने बताया कि सीनियर एमआईजी 2 / 1 / 715 , सीनियर एम आई जी 2/1/716 एवं सीनियर एम आई जी 2/1/717 के तीन जल आपूर्ति नल कलेक्शनों को रीवा नगर पालिका निगम कमिश्नर अक्षत जैन की पहल पर 4 जून 2026 को जुड़वा देने के बाद भी आगे चबूतरे के अतिक्रमण को हटाकर पाइप लाइन को जोड़ने का काम अभी तक नहीं कराया जा सका है। इससे 12 वें दिन भी संबंधित घरों में जल आपूर्ति बाधित है। बोरिंग, हैंड पंप और कुआं आदि नहीं होने से जल संकट काफी गंभीर है। प्रभावित घरों में नगरपालिक निगम रीवा के द्वारा अभी तक पानी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई।





# आईटीआई एसोसिएशन ने किया पौधारोपण

**रीवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रीवा आईटीआई एसोसिएशन संघ द्वारा नोडल आईटीआई एवं ज्वाइंट डायरेक्टर कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनकी सुरक्षा के लिए जाली भी लगाई गई। इस अवसर पर नोडल आईटीआई के प्राचार्य सौरव शुक्ला, एडिशनल डायरेक्टर नीलम मैडम, दीपमाला मैडम, नोडल आईटीआई एवं जेडी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, जिले के विभिन्न निजी आईटीआई संस्थानों के संचालक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रतिवर्ष अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की शपथ ली।वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण और जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सहभागिता बढ़ाना रहा।

# घर लौट रहे युवक पर प्राणघातक हमला, दो बोलेरो में आए दर्जनभर आरोपियों ने चाकू-लाठी से पीटा, वाहन में भी की तोड़फोड़, मनगवां शराब दुकान से जुड़े लोगों पर आरोप

रीवा ।

जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। मामला बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सलैया गांव से सामने आया है, जहां देर रात घर लौट रहे एक युवक पर दर्जनभर लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि दो बोलेरो वाहनों में सवार होकर पहुंचे हमलावरों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया। इस दौरान वाहन में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने हमले में शामिल लोगों को मनगवां स्थित शराब दुकान से जुड़े व्यक्तियों का सहयोगी बताया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार ग्राम जोड़ौरी निवासी ज्ञानेंद्र तिवारी अपने साथी शिवबालक मिश्रा के साथ देर रात लगभग एक बजे अपने गांव लौट रहे थे। दोनों वाहन से घर जा रहे थे। जैसे ही वे सलैया गांव के समीप पहुंचे, तभी सामने से आई दो बोलेरो गाड़ियों ने उनका रास्ता रोक लिया।पीड़ित के अनुसार दोनों वाहनों से करीब दर्जनभर लोग उतरे और बिना किसी बातचीत के मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पहले वाहन में तोड़फोड़ की और उसके बाद दोनों युवकों को निशाना बनाया। ज्ञानेंद्र तिवारी ने बताया कि अचानक हुए हमले के दौरान वह किसी तरह मौके से भागने में सफल रहा, लेकिन उसका साथी शिवबालक मिश्रा हमलावरों के चंगुल में फंस गया। आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा और धारदार हथियार से भी हमला किया। हमले में गंभीर रूप से घायल शिवबालक को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उपचार के लिए पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमलावरों ने युवक के वाहन को भी निशाना बनाया। लाठी-डंडों से वाहन के शीशे और अन्य हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित ज्ञानेंद्र तिवारी का आरोप है कि हमला करने वाले लोग मनगवां शराब दुकान से जुड़े हुए हैं। उसने पुलिस को दिए गए आवेदन में हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# शिव धाम देव तालाब बना लूट और परेशानी का अड्डा, पुरुषोत्तम मास मेले में अव्यवस्था का तांडवः रसूखदारों के लिए रास्ता, आम श्रद्धालु जाम, लूट, चैन स्नेचिंग से हलकान

मऊगंज। जिले के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक देवतालाब शिव मंदिर में चल रहे पुरुषोत्तम मास मेले में पुलिस की ढुलमुल रवैया के कारण अव्यवस्था चरम पर पहुंच गई है। मेला प्रबंधन की नाकामी के चलते यह पवित्र मेला श्रद्धालुओं के लिए लूट और परेशानी का अड्डा बन चुका है। अधिमास मेले के हालात इतने खराब है कि एक तरफ जहां मेला प्रबंधन द्वारा मेला प्रारंभ से पूर्व बनाई गई कार्य योजना का पालन नहीं किया जा रहा वहीं राह चलते लोगों से वाहन स्टैंड के नाम पर न केवल अवैध वसूली का खेल चल रहा है श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण नईगढ़ी रोड पेट्रोल पंप से मंदिर तक करीब आधा किलोमीटर लंबी सड़क पर रोजाना भीषण जाम लग रहा है। इस जाम में श्रद्धालुओं के साथ एम्बुलेंस भी घंटों फंस रहे हैं। पार्किंग खाली,वसूली जारी, मंदिर का मुख्य गेट बना स्टैंडपुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग हेतु अलग-अलग स्टैंड बनाए गए हैं जहां पार्किंग में वाहन खड़े करने के लिए निर्धारित रेट निहित किया गया है। लेकिन यहां के हालात कुछ अलग है वाहन पार्किंग में एक भी वाहन नजर नहीं आते फिर भी नईगढ़ी देवतालाब मार्ग से गुजरने वाले हर छोटे बड़े, दो पहिया चार पहिया वाहनों से खुले आम अवैध वसूली का दौर अनवरत जारी है। हालात इतने खराब है कि यदि पार्किंग में काम कर रहे लठैतों से कोई श्रद्धालु अवैध वसूली की बात करता है तो उसे बदसलूकी के दौर से गुजरना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने कहा यहां कुछ स्थानीय लोगों का एकाधिकार है जिसके चलते आम श्रद्धालुओं को सुविधाओं की जगह लूट एवं बदसलूकी की दौर से गुजरना पड़ता है। वर्तमान समय में चल रहे मेला व्यवस्था की जमीनी हकीकत देखी जाए तो मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग का मुहाना वाहन स्टैंड में तब्दील कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि गनिगवा में निर्धारित वाहन स्टैंड खाली पड़ा है, फिर भी स्टैंड के नाम पर श्रद्धालुओं से जबरन वसूली की जा रही है और प्रतिबंधित क्षेत्र मंदिर मार्ग गेट को वाहन स्टैंड में परिवर्तित कर दिया गया है।पुलिस की चुप्पी के कारण मेला व्यवस्था के बिगड़े हालातभगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने आने वाले भक्तजनों का आरोप है कि मेला प्रशासन के निर्णयों का पुलिस पालन नहीं करा रही। रसूखदारों के लिए विशेष रास्ते और व्यवस्था है, जबकि आम तीर्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। दुकानदारों ने सड़क पर दुकानदारी फैला रखी है। ठेले वाले भी बीच सड़क पर खड़े होकर व्यवसाय कर रहे हैं, ऑटो रिक्शा पूरे मंदिर परिसर में धमा चौकड़ी मचाते हैं रसूखदारों के दो पहिया चार पहिया वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र में खड़े नजर आते हैं लेकिन लौर थाना पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।चोर बदमाशों का आतंक, आए दिन घट रही घटनाएंपुलिस बल की कमी और निष्क्रियता का फायदा उठाकर चैन स्नेचर सक्रिय हो गए हैं। प्रतिदिन मंदिर परिसर में महिलाओं के गले से सोने के मंगलसूत्र और चैन गायब हो रहे है आरोप है कि स्थानीय पुलिस की अनदेखी से ऐसी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है। पुलिस की ढुलमुल रवैया के कारण आम श्रद्धालुओं को सड़क से लेकर मंदिर परिसर तक परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। लोगों ने कहा अव्यवस्था से परेशान श्रद्धालु समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी दर्द भरी आवाज तो उठाई,पर अधिमास मेले का 20 दिन का समय गुजर गया लेकिन बिगड़ी व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया।श्रद्धालुओं ने कहा- जीवन में इतनी अव्यवस्था नहीं देखीप्रसिद्ध शिव धाम देवतालाब जहां का इतिहास रहा है कि हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान सोमनाथ को जल चढ़ाने आते हैं वहीं आषाढ़, सावन, फाल्गुन, महाशिवरात्रि, पुरुषोत्तम मास तथा हर त्रयोदशी को भक्तों की भारी भीड़ लगती है, विशेष पर्वों के लिए प्रशासन द्वारा बेहतर इंतजाम होते रहे हैं। इस वर्ष भी अधिमास मेले को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष कार्य योजना बनाई गई, लेकिन एक माह के इस मेले का अधिकतर समय गुजर चुका है फिर भी वह व्यवस्था नहीं बन पाई जिसकी कार्य योजना बनाई गई थी। स्थानीय पुलिस द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण सड़क से लेकर मंदिर परिसर तक अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। लौर थाना पुलिस की अनदेखी से निर्मित समस्या को लेकर दूर-दराज से आए तीर्थयात्रियों ने कहा कि अपने जीवन काल में इतनी बड़ी अव्यवस्था कभी नहीं देखी। हालात यह हैं कि समस्या के निदान के लिए न पुलिस प्रशासन सामने आ रहा है और न ही स्थानीय अन्य जिम्मेदार। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता के करण निर्मित हुई अव्यवस्था और अपराध के चलते देवतालाब की धार्मिक आस्था और प्रसिद्धि पर दाग लग रहा है। श्रद्धालुओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से तत्काल हस्तक्षेप कर व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### इन्होंने कहा

वाहन पार्किंग से लेकर मेला परिसर में अव्यवस्था की बात संज्ञान में आई है। आवागवन वाहन पार्किंग सहित मेला क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था बनाए जाने हेतु स्थानीय प्रबंधन एवं लौर थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

**एपी द्विवेदी एसडीएम मऊगंज**

# जिले में 12 से 18 जून तक लगेंगे जनकल्याण शिविर

**मऊगंज।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 जून से 18 जून तक विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का विभागवार पंजीयन किया जाएगा। शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, व्हीबी जीरामजी योजना के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। इन शिविरों में एसडीएम तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में लंबित प्रकरणों का निराकरण करेंगे। इन शिविरों के आयोजन के लिए विकासखण्ड स्तर पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। सभी एसडीएम शिविरों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा शिविरों की मानीटरिंग करें। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 19 एवं 20 जून को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में कृषि, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी देंगे। इसके आयोजन के लिए कृषि विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इसी तरह जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। विश्व योग दिवस पर सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुबह 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए आयुष विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग सहयोगी विभाग के रूप में भूमिका निभाएंगे। सभी अधिकारी शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप इन शिविरों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# सिलपरा डैम में डूबे सेना के जवान का पांचवें दिन भी नहीं लगा सुराग, परिजनों ने किया चक्काजाम

**रीवा।** जिले के सिलपरा डैम में डूबे सेना के जवान का पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। लगातार चल रहे सर्च ऑपरेशन के बावजूद जवान का पता न चलने से परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार को नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग पर सिलपरा के पास चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया तथा यातायात बहाल कराया। जानकारी के अनुसार सीधी जिले के बघवार निवासी सेना के जवान सचिन द्विवेदी बीते 3 जून को अपने भाई-बहन के साथ सिलपरा डैम घूमने आए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे। देखते ही देखते जवान पानी में समा गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची तथा तलाश शुरू की गई, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। घटना के पांच दिन बाद भी जवान का सुराग नहीं मिलने से परिजनों में भारी नाराजगी है। प्रदर्शन कर रहे परिजनों का आरोप था कि पुलिस और प्रशासन द्वारा सर्च ऑपरेशन में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई, जिसके कारण अब तक लापता जवान का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने खोज अभियान में तेजी लाने और विशेषज्ञ टीमों की सहायता लेने की मांग की। रविवार को परिजनों ने सिलपरा के समीप रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को आश्वस्त किया कि जवान की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम समाप्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि सिलपरा डैम में पानी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण सर्च ऑपरेशन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब खोज अभियान को और तेज करने के लिए वाराणसी से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की विशेष टीम को बुलाया गया है। एनडीआरएफ की टीम रीवा पहुंच चुकी है और आधुनिक उपकरणों की सहायता से डैम एवं आसपास के क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।